नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), गुरुग्राम की वर्ष 2023-24 की प्रथम बैठक

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.) गुरुग्राम की वर्ष 2023-24 की प्रथम छमाही बैठक श्री अनुपम मिश्रा, निदेशक (वाणिज्य व मानव संसाधन विकास) एवं अध्यक्ष, विराकास, वाप्कोस की अध्यक्षता में दिनांक 19.07.2023 को दोपहर 3.00 बजे गुरुग्राम कार्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में नराकास, गुरुग्राम के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख अथवा उनके प्रतिनिधि तथा उनके साथ हिन्दी अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दिल्ली) के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा भी उपस्थित थे।

बैठक में सबसे पहले श्री प्रेम प्रकाश भारद्वाज, प्रमुख (मा.सं. व रा.भा.का.) तथा सदस्य सचिव, नराकास, गुरुग्राम द्वारा बैठक में उपस्थित अध्यक्ष महोदय तथा सभी कार्यालय प्रमुखों/प्रतिनिधियों व राजभाषा अधिकारियों तथा सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) का हार्दिक स्वागत किया गया।

तत्पश्चात सदस्य सचिव के अनुरोध पर श्री अनुपम मिश्रा, अध्यक्ष तथा गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा का बैठक में उपस्थित उच्चाधिकारियों से पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत करवाया गया। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य सचिव, नराकास, गुरुग्राम द्वारा बैठक की विभिन्न मदों पर विधिवत् रूप से चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्षीय कार्यालय वाप्कोस लिमिटेड द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्यों की पीपीटी बनाकर दिखाई गई।

ꦤꦤꦤꦤꦤ

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), गुरुग्राम की वर्ष 2022-23 की दूसरी बैठक

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.) गुरुग्राम की वर्ष 2022-23 की दूसरी छमाही बैठक श्री आर.के.अग्रवाल, अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक, वाप्कोस एवं अध्यक्ष, नराकास, गुरुग्राम की अध्यक्षता में दिनांक 23.12.2022 को प्रात: 11.00 बजे गुरुग्राम कार्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में नराकास, गुरुग्राम के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख या उनके प्रतिनिधि तथा उनके साथ हिन्दी अधिकारी भी आनलाइन उपस्थित थे। बैठक में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दिल्ली) के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा भी उपस्थित थे।

सबसे पहले श्री प्रेम प्रकाश भारद्वाज, प्रमुख (मा.सं. व रा.भा.का.) तथा सदस्य सचिव, नराकास, गुरुग्राम द्वारा बैठक में उपस्थित नराकास अध्यक्ष, गुरुग्राम तथा सभी कार्यालय प्रमुखों/प्रतिनिधियों व राजभाषा अधिकारियों तथा उप निदेशक (कार्यान्वयन) का हार्दिक स्वागत किया गया।

तत्पश्चात सदस्य सचिव के अनुरोध पर नराकास, गुरुग्राम के अध्यक्ष, श्री आर.के.अग्रवाल, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, श्री के.श्रीकान्त तथा राइट्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री राहुल मित्थल एवं गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा का बैठक में उपस्थित उच्चाधिकारियों से पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत करवाया गया। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य सचिव, नराकास, गुरुग्राम द्वारा बैठक की विभिन्न मदों पर विधिवत् रूप से चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्षीय कार्यालय वाप्कोस लिमिटेड द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्यों की पीपीटी बनाकर दिखाई गई। बैठक के उपरान्त अध्यक्ष, नराकास द्वारा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कार्यालयों नामत: वाप्कोस लिमिटेड - प्रथम पुरस्कार, पावर ग्रिड - द्वितीय पुरस्कार तथा इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड को - तृतीय पुरस्कार के रूप में शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

इसी प्रकार वर्ष 2021-22 की गृह पत्रिकाओं हेतु भी तीन कार्यालयों नामत: भारतीय खाद्य निगम, खाद्य सुरक्षा संस्थान - प्रथम पुरस्कार, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय

कार्यालय - द्वितीय पुरस्कार तथा कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान को - तृतीय पुरस्कार के रूप में शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इसके अलावा वर्ष 2022 के दौरान सितम्बर तक सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित करवाई गई प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं के प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए।

ऋऋऋऋऋ

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), गुरुग्राम की वर्ष 2022-23 की प्रथम बैठक

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.) गुरुग्राम की वर्ष 2022-23 की प्रथम छमाही बैठक श्री आर.के.अग्रवाल, अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक, वाप्कोस एवं अध्यक्ष, नराकास, गुरुग्राम की अध्यक्षता में दिनांक 25.07.2022 को दोपहर 3.00 बजे गुरुग्राम कार्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई।

  बैठक में नराकास, गुरुग्राम के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख या उनके प्रतिनिधि तथा उनके साथ हिन्दी अधिकारी भी आनलाइन उपस्थित थे। बैठक में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दिल्ली) के उप निदेशक (कार्यान्वयन) श्री कुमार पाल शर्मा भी उपस्थित थे।

  सबसे पहले श्री प्रेम प्रकाश भारद्वाज, प्रमुख (कार्मिक व रा.भा.का.) तथा सदस्य सचिव, नराकास, गुरुग्राम द्वारा बैठक में उपस्थित नराकास अध्यक्ष, गुरुग्राम तथा सभी कार्यालय प्रमुखों/प्रतिनिधियों व राजभाषा अधिकारियों तथा उप निदेशक (कार्यान्वयन) का हार्दिक स्वागत किया गया। तत्पश्चात सदस्य सचिव के अनुरोध पर नराकास, गुरुग्राम के अध्यक्ष, श्री आर.के.अग्रवाल जी एवं उप निदेशक (कार्यान्वयन) का बैठक में पावर ग्रिड एवं खाद्य सुरक्षा संस्थान से उपस्थित उच्चाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य सचिव, नराकास, गुरुग्राम द्वारा बैठक की विभिन्न मदों पर विधिवत् रूप से चर्चा की गई।

  बैठक में अध्यक्षीय कार्यालय वाप्कोस लिमिटेड द्वारा सभी सदस्य कार्यालयों द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्यों की अलग-अलग पीपीटी बनाकर दिखाई गई।

ननननन